www.jawabdosarkar.com

जवाब दीजिये!!!

विधायक महोदय....

माननीय विधायक महोदय,

जैसा की विदित है कि 14 वीं विधानसभा को पूर्ण होंने में चंद महीने ही शेष है| 15 वीं विधानसभा के लिए क्षेत्र की जनता को अपना नया प्रतिनिधि चुनने के लिए पुनः नए विकल्प चुनने की स्वतंत्रता प्राप्त होगी,मौजूदा विकल्पों में जनता के सामने आपका विकल्प प्रमुख है,इन पांच सालों में आपकी सक्रियता/निष्क्रियता ही नयी विधानसभा में क्षेत्र के प्रतिनिधित्व के साथ साथ नए सरकार के मुखिया का मार्ग प्रशस्त करेगी अतएव क्षेत्र की जनता के लिए यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि इन पांच सालों में आपने अपनी विधानसभा के विकास के लिए विधानसभा में/विधानसभा के बाहर क्या कदम उठायें|

5 साल

15 सवाल

राज्य में सुशासन की स्थापना हेतु लोक सेवकों और जन प्रतिनिधियों के कार्यकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है| सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लोक सेवकों के कार्यकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही तो सुनिश्चित करता है परन्तु वर्तमान में ऐसा कोई कानून नहीं है जो जन प्रतिनिधियों के कार्यकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर सके अतएव मौजूदा परिस्थितियों में परस्पर आपसी संवाद द्वारा ही जन प्रतिनिधियों से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की जा सकती है,जो कि शासन व्यवस्था में जन भागीदारी की भावना को तो प्रबल करती ही है साथ ही लोकतंत्र को भी मजबूत करने में सहायक है|

माननीय विधायकों की क्षेत्र की जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु आम राय से एक जवाबदेही पत्र तैयार किया गया है,जो कि किसी पार्टी विशेष,जाति,धर्म विशेष या व्यक्ति विशेष से सम्बंधित नहीं होकर आम मतदाता की जिज्ञासा को देखकर तैयार किया गया है| अतः आपसे निवेदन है कि क्षेत्र की जनता को निम्न सवालों के पूर्ण,सटीक,स्पष्ट जवाब देने का श्रम करें जिससे कि जनता को अपने भावी प्रतिनिधि चुनने में आसानी हो|

महोदय/महोदया कृपया बताने का श्रम करें कि:-

1. आपने 14 वीं विधानसभा में कितने सवाल पूछे?
2. आप 14 वीं विधानसभा के सभी सत्रों में कितने दिन विधानसभा में उपस्थित रहे?
3. आपने अपने विधायक निधि कोष का कितना पैसा,कहाँ पर खर्च किया?
4. आपने अपनी विधानसभा क्षेत्र के किन मुद्दों/समस्याओं को विधानसभा में उठाया?
5. 14 वीं विधानसभा में हुए बजट घोषणाओं में आपके क्षेत्र को क्या मिला?
6. आप आपके जिले की जिला सतर्कता समिति की कितनी मीटिंगों में गए तथा अपने क्षेत्र से सम्बंधित कितने मामले उठाये?
7. आप अपने जिले की जिला परिषद की कितनी मीटिंगों में गए तथा अपने क्षेत्र से सम्बंधित कितने मामले उठाये?
8. आप स्थानीय स्तर पर और किन समितियों के सदस्य है उनमे आपकी उपस्थिति और उठाये गए मुद्दों की जानकारी देने का श्रम करें?
9. आपने अपने विधानसभा क्षेत्र के कितने विद्यालयों ,चिकित्सालयों का निरिक्षण किया ?क्या आपने कमियाँ पाए जाने पर स्थानीय प्रशासन या राज्य सरकार को समस्या समाधान हेतु अवगत करवाया?
10.आपके विधानसभा क्षेत्र में केंद्र/राज्य सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं संचालित है तथा किन किन व्यक्तियों ने इन योजनाओं का लाभ लिया?विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध करवाएं|
11. आपके विधानसभा क्षेत्र में इन पांच सालों में कितने नए उद्योग लगे?कितने बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हुआ?
12. इन पांच सालों में आपकी संपत्ति कितनी बढ़ी?
13. क्या इन पांच सालों में आपके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज हुआ?
14. इन पांच सालों में आप किन-किन विवादों में घिरे?
15. जिन वादों /घोषणाओं को लेकर आप चुनाव जीते थे उनमे से कितनों पर आपने अमल किया? इन पांच सालों में आपकी क्या उपलब्धियां रही तथा आने वाले पांच सालों के लिए पुनः आपको चुनने का कारण बताएं?

विधायक महोदय एवं स्थानीय मतदाताओं से निवेदन है कि अपने जवाब और प्रतिक्रिया देने के लिए निम्न पते पते पर संपर्क करें:-

4/209B,चित्रकूट,,जयपुर-302021

E-mail ID:-jawabdosarkar01@gmail.com

Website:-www.jawabdosarkar.com

Facebook page:-facebook.com/jawabdosarkar

Mobile No.:-9828346151,7378150710